तापमान

भोपाल	23.0°	27.0°
इंदौर	22.0°	27.0°
जबलपुर	23.0°	26.0°
ग्वालियर	25.0°	28.0°
सागर	22.0°	24.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 279, पृष्ठ 12)
भाद्रपक्ष, कृष्ण एकादशी संवत् 2083
सोमवार, 7 सितम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... नवनिर्वाचित विधायक घनश्याम सिंह को ...

खेल... पाकिस्तान के खिलाफ मिली बड़ी जीत पर हरमनप्रीत ...

व्यापार... केला निर्यात बढ़ाने को एफडीआई में ढील, बागान...

देश-विदेश... ट्रंप की धमकी के बाद सुर्खियों में पिकैक्स...

खास-खबरें

लंदन जा रहे विमान की आपात लैंडिंग

नईदुनिया ब्यूरो, बेंगलुरु : लंदन जा रहे वर्जिन अटलांटिक के विमान को तकनीकी खराबी के कारण रविवार को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करनी पड़ी। विमान में 270 यात्री सवार थे, जो सभी सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार, विमान ने सुबह करीब 8:20 बजे उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के तुरंत बाद तकनीकी समस्या सामने आई। इसके बाद विमान ने तुमकुरु के पास आधे घंटे से अधिक समय तक आसमान में चक्कर लगाया और फिर एहतियात के तौर पर बेंगलुरु हवाई अड्डे पर वापस उतारा गया।

फोन पर रुकना बना काल, तीन की मौत

नईदुनिया ब्यूरो, तिरुवनंतपुरम : केरल के त्रिशूर जिले में शनिवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन साल का बच्चा भी शामिल है। हादसा गुरुवायूर-कुन्नमकुलम सड़क पर हुआ। चावक्कड़ के एडक्काझियूर निवासी मुनीर (35), उनकी पत्नी सफना (25) और बेटा यामिल ऐबक शादी समारोह में शामिल होने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में फोन आने पर मुनीर ने सड़क किनारे बाइक रोक दी थी। पीछे से तेज रफ्तार में आ रही कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

दो दिन में 11 लोगों की मौत, 35 से अधिक बीमार, कई की हालत गंभीर

जहरीली शराब से मौतों का 'सागर'

नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर: जहरीली शराब से हुई मौतों के 'सागर' में न केवल पीड़ितों में कोहराम मचा हुआ है, बल्कि शासन-प्रशासन में भी हड़कंप है। जिले में जहरीली शराब पीने से दो दिनों में 11 लोगों की मौत के मामले ने हड़कंप मचा दिया है। प्रशासन ने हालांकि 10 मौतों की पुष्टि की है, जबकि करीब 35 लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया है। कुछ मरीजों के शरीर नीले पड़ने और अकड़न की शिकायत सामने आई है।

ललितपुर से शराब आने का संदेह

पुलिस जांच में शराब की आपूर्ति उत्तर प्रदेश के ललितपुर से होने का संदेह सामने आया है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े लोगों की तलाश कर रही है। एहतियात के तौर पर क्षेत्र की शराब दुकानों को सील कर उनके नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं।

आबकारी-पुलिस के 5 अधिकारी निलंबित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने प्रथम दृष्टया जिम्मेदार मानते हुए सागर की सहायक आबकारी आयुक्त कीर्ति दुबे, सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप खंडाते और बंडा वृत्त के आबकारी उप-निरीक्षक प्रोशनी उरेती को निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में समान रूप से जिम्मेदार मानते हुए उपायुक्त एवं संभागीय फ्लाइंग स्क्वाड प्रभारी नीरजा श्रीवास्तव को जिले से हटाकर ग्वालियर मुख्यालय अटैच किया है। गूगरा चौकी प्रभारी एएसआई पूरन सिंह और बंडा थाना प्रभारी राजेंद्र कुशवाहा को भी निलंबित किया गया है। घटना के बाद सागर कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर और एसपी प्रभावित गांव नौराज और गूगरा खुर्द पहुंचे। अधिकारियों ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर अस्पतालों में भर्ती लोगों के इलाज की व्यवस्था का जायजा लिया। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए बंडा सिविल अस्पताल भेजा गया। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि शनिवार सुबह लोगों के बीमार होने की सूचना मिलने के बाद प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने जांच शुरू कर दी। संदिग्ध लक्षण वाले लोगों को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल भेजा जा रहा है। गंभीर मरीजों के लिए अलग से बेड की व्यवस्था की गई है। प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कुछ मृतकों द्वारा मिथाइल अल्कोहल के सेवन की आशंका जताई गई है।

दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सागर जिले के बंडा-शाहगढ़ क्षेत्र में शराब के सेवन से मृत्यु होने का समाचार अत्यंत दुःखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को विदेश दौरे पर रवाना होने से पहले नई दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि सागर जिले के प्रभारी मंत्री एवं अधिकारियों को घटना की तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दे दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जांच के बाद इस मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

दोषी कोई भी हो, बख्शा नहीं जाएगा : देवड़ा

उपमुख्यमंत्री एवं वाणिज्यिक कर मंत्री जगदीश देवड़ा ने आबकारी अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर उपायुक्त एवं संभागीय फ्लाइंग स्क्वाड प्रभारी नीरजा श्रीवास्तव को ग्वालियर मुख्यालय अटैच किया गया है एवं सहायक आयुक्त आबकारी सागर कीर्ति दुबे, सहायक जिला आबकारी अधिकारी सागर दिलीप खंडाते और आबकारी उप निरीक्षक वृत्त बंडा प्रोशनी उरेती को निलंबित कर दिया गया है। श्री देवड़ा ने कहा, 'इस हादसे के पीछे जो भी व्यक्ति जिम्मेदार होगा, उसे किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। शराब के स्रोत, उसकी आपूर्ति तथा घटना से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगी सरकार: शाह

गृह मंत्री बोले- नक्सलवाद खत्म अब नशे की समस्या पर फोकस

नईदुनिया ब्यूरो, पणजी: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि सरकार ने नक्सलवाद को खत्म करने में सफलता हासिल की है और अब नशीले पदार्थों की समस्या से भी उसी तरह प्रभावी ढंग से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि देश को नशामुक्त बनाने के लिए सरकार व्यापक स्तर पर अभियान चला रही है। गोवा दौरे के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए अमित शाह ने कहा कि जिन लोगों ने तिरुपति से पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर बनाने की कल्पना की थी, उन्होंने अब हथियार डाल दिए हैं और मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के बाद अब नशीले पदार्थों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। गृह मंत्री ने नशामुक्त भारत अभियान के तीन साल पूरे होने का उल्लेख करते हुए कहा कि पूरे देश को इस अभियान का समर्थन करना चाहिए। उन्होंने मीडिया से भी लोगों को जागरूक करने में सहयोग की अपील की। अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2004 से 2014 के बीच 26 लाख किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए गए थे, जबकि वर्ष 2014 से 2026 के बीच यह आंकड़ा बढ़कर एक करोड़ 19 लाख किलोग्राम से अधिक हो गया है। उन्होंने बताया कि नशामुक्त भारत अभियान को 50 करोड़ नागरिकों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत एक लाख नशामुक्ति मित्रों को प्रशिक्षित करने की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हाल ही में एक कार्यक्रम में एक करोड़ युवाओं से संवाद किया था।

मुख्यमंत्री ने निवेशकों, राजनयिकों व उद्योग जगत से किया संवाद

दुबई में प्रदेश के निवेश मिशन की शुरुआत, रखी विकास की तस्वीर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में वैश्विक निवेश एवं व्यापारिक दौरे की शुरुआत की। दौरे का उद्देश्य मध्यप्रदेश को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, औद्योगिक साझेदारी और दीर्घकालिक आर्थिक सहयोग के लिए प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। दुबई पहुंचने पर भारतीय मिशन के अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने प्रवासी भारतीय समुदाय से संवाद किया और उन्हें प्रदेश के विकास तथा वैश्विक पहचान में महत्वपूर्ण भागीदार बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ताज दुबई, बिजनेस बे में मध्यप्रदेश के एक जिला एक उत्पाद और भौगोलिक संकेतक उत्पादों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में बैतूल का बेल मेटल क्राफ्ट, अशोकनगर की चंदेरी साड़ी, महेश्वर की महेश्वरी साड़ी, उज्जैन का बाटिक प्रिंट, भोपाल की जरी-जरदोजी और ग्वालियर कारपेट सहित कई पारंपरिक उत्पाद प्रदर्शित किए गए। मुख्यमंत्री ने संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत डॉ. दीपक मित्तल और दुबई एवं नॉर्थ अमीरात के भारत के महावाणिज्य दूत डॉ. ई. विष्णु वर्धन रेड्डी से चर्चा की। बैठक में निवेश, औद्योगिक अवसंरचना, कनेक्टिविटी और आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 में सहभागिता को लेकर विचार-विमर्श हुआ।

मुख्यमंत्री ने अरब संसद के अध्यक्ष मोहम्मद अहमद अल यामाही से भी मुलाकात की। इस दौरान व्यापार, निवेश, कृषि, पर्यटन, शिक्षा और नवकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई। एआईएम कांग्रेस-2026 के विशेष रात्रिभोज कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री शामिल हुए। उन्होंने वैश्विक निवेशकों और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ संवाद करते हुए मध्यप्रदेश की निवेश-अनुकूल नीतियों, मजबूत औद्योगिक आधार और आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल निवेश आकर्षित करना नहीं, बल्कि निवेशकों के साथ दीर्घकालिक विकास साझेदारी स्थापित करना है।

थेरांग नदी उफनी, चार घर और पुल बहा

काठमांडू, एजेंसी: नेपाल के पहाड़ी जिले गोरखा में रविवार सुबह थेरांग नदी में अचानक आई बाढ़ से चार घर और एक सस्पेंशन पुल बह गया। नदी में जलस्तर बढ़ने के बाद प्रशासन ने बूढ़ीगंडकी नदी बेसिन क्षेत्र के लिए अलर्ट जारी कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। जिला पुलिस के अनुसार, पानी बढ़ने की सूचना मिलते ही प्रभावित क्षेत्र के लोग अपने घरों से निकलकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए थे। इस कारण ताजा बाढ़ की घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रशासन प्रभावित इलाकों की स्थिति पर नजर बनाए हुए है। नेपाल में 26 अगस्त को आई भीषण बाढ़ के बाद तबाही का असर अब भी बना हुआ है। उस आपदा में अब तक 1,344 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि करीब पांच हजार लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। बाढ़ से हुए नुकसान का प्रारंभिक अनुमान करीब 400 अरब नेपाली रुपये लगाया गया है। गोरखा में थेरांग नदी की ताजा बाढ़ के बाद स्थानीय प्रशासन ने संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी है।

बेसमेंट में खुदाई के दौरान हादसे की आशंका, मलबे से 7 लोगों को निकाला

पांच मंजिला हॉस्टल ढहने से पाँच छात्रों की मौत

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में रविवार को पांच मंजिला हॉस्टल की इमारत ढहने से पाँच छात्रों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बचाव अभियान शुरू किया गया और अब तक सात लोगों को मलबे से बाहर निकाला जा चुका है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय छात्र अपने कमरों में मौजूद थे और इमारत के बेसमेंट में खुदाई का काम चल रहा था। बताया गया कि भवन में करीब 20 से 25 कमरे थे और प्रत्येक कमरे में दो छात्र रहते थे। घटना के समय इमारत में 50 से अधिक लोगों के मौजूद होने की आशंका जताई गई है। हालांकि मलबे में अभी कितने लोग फंसे हैं, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। हादसा दोपहर करीब डेढ़ बजे हुआ। इमारत गिरने के बाद आसपास के लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और हथौड़ों की मदद से मलबा हटाने का प्रयास करने लगे। मलबे की चपेट में नीचे खड़े कुछ वाहन भी आ गए। मलबे में दबे एक युवक ने अपना वीडियो बनाकर लोगों तक पहुंचाया और बचाव की अपील की। मौके पर मौजूद उसके एक परिचित के अनुसार युवक लगातार फोन कर उसे बचाने की गुहार लगा रहा था। मलबे के समीप स्थित एक अन्य इमारत भी गिरने की स्थिति में है। एहतियात के तौर पर वहां मौजूद लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। वर्ष 2022 से 2025 के बीच दिल्ली में इमारत गिरने की 1133 घटनाएं सामने आईं, जिनमें 98 लोगों की मौत हुई।

सिक्किम में भूस्खलन से नदियों का बहाव रुका

उत्तर प्रदेश और बिहार में बाढ़ से हालात गंभीर

नईदुनिया ब्यूरो, गंगटोक: देश के कई हिस्सों में बारिश और बाढ़ के कारण जनजीवन प्रभावित है। सिक्किम के नगा फॉरेस्ट क्षेत्र में नगा-टोसा रोड की नई सड़क कटिंग पर शनिवार देर रात भूस्खलन हो गया। भूस्खलन थेंग टनल के सामने तीस्ता और च्याकोऊंग नदियों के संगम के पास हुआ, जिससे दोनों नदियों का बहाव रुक गया और आसपास के क्षेत्र में पानी जमा होने लगा। उत्तर प्रदेश में भी बारिश और बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। रविवार को प्रदेश के 18 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, 26 जिलों के करीब 3.53 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। प्रयागराज में बाढ़ के कारण घाट डूब गए हैं, जिससे अंतिम संस्कार के लिए सड़क किनारे चिताएं जलाने की स्थिति बन गई है। उधर, बिहार के 18 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। पटना के गांधी घाट पर गंगा नदी का जलस्तर 10 वर्ष पुराना रिकॉर्ड तोड़ चुका है। शनिवार को यहां जलस्तर 50.57 मीटर दर्ज किया गया, जबकि वर्ष 2016 में यह 50.52 मीटर तक पहुंचा था। लगातार बढ़ते जलस्तर और बाढ़ के कारण प्रभावित क्षेत्रों में चिंता बनी हुई है।

कनाडा को छोटा भौंकने वाला कुत्ता कहा

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी: अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कनाडा के साथ व्यापार समझौता नहीं होने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कनाडा की तुलना बड़े कुत्ते को परेशान करने वाले छोटे भौंकने वाले कुत्ते से की। बेसेंट ने कहा कि कनाडा के साथ व्यापार विवाद का अमेरिका की कीमतों पर बहुत मामूली असर पड़ेगा। उन्होंने कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी पर बेहतर व्यापार समझौते को ठुकराने का आरोप लगाया।

गलत सिग्नल से ट्रेन बेपटरी, यातायात प्रभावित

नईदुनिया ब्यूरो, आरा: बिहार के आरा में रविवार सुबह महानंदा एक्सप्रेस के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसा पंडित दीनदयाल उपाध्याय-दानापुर रेलखंड पर हुआ। घटना में किसी यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार, अलीपुरद्वार जंक्शन से दिल्ली जा रही 15483 महानंदा एक्सप्रेस सुबह करीब चार बजे आरा स्टेशन पहुंची थी। यहां से ट्रेन को दिल्ली की ओर रवाना होना था, लेकिन परिचालन के दौरान तकनीकी समस्या के कारण ट्रेन का सिग्नल सासाराम लाइन की ओर चला गया। इसके बाद ट्रेन स्टेशन से करीब 200 मीटर आगे बढ़ने के बाद अप लाइन पर बेपटरी हो गई। हादसे में एक सामान्य और एक वातानुकूलित डिब्बा पटरी से उतर गया। घटना के बाद रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। करीब साढ़े तीन घंटे बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। बेपटरी हुए डिब्बों की मरम्मत का काम जारी है। मामले में आरा स्टेशन मैनेजर एनके राय को निलंबित कर दिया गया है।

ज्वालामुखी फटा, 301 उड़ानें प्रभावित

जकार्ता, एजेंसी: इंडोनेशिया के माउंट अनाक क्राकाटोआ में रविवार को जोरदार ज्वालामुखी विस्फोट हुआ। विस्फोट के बाद राख करीब 50 हजार फीट की ऊंचाई तक पहुंच गई। ज्वालामुखी से निकली राख के कारण हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। हवाई अड्डा संचालक के अनुसार, कुल 301 उड़ानें प्रभावित हुईं, जिनमें 58 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल हैं। विस्फोट से जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

आठ मुस्लिम देशों ने इजराइल की निंदा की

रियाद, एजेंसी: आठ मुस्लिम बहुल देशों ने रविवार को इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज और राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्वीर के बयानों की कड़ी निंदा की है। दोनों नेताओं ने गाजा से फिलिस्तीनियों को हटाने की योजना बनाने की बात कही थी। सऊदी अरब, जॉर्डन, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्किये, कतर, मिस्र, इंडोनेशिया और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि ऐसे प्रस्ताव अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन हैं। मंत्रियों ने चेतावनी दी कि गाजा के लोगों को जबरन हटाने से गंभीर परिणाम हो सकते हैं और इससे शांति प्रयासों को नुकसान पहुंच सकता है।

विरोध *जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को आधिकारिक नक्शे के अनुसार दिखाने की मांग...*

संयुक्त राष्ट्र के नए विश्व नक्शे पर भारत ने जताई आपत्ति

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: भारत ने दुनिया के नए नक्शे को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख समेत भारत का पूरा क्षेत्र आधिकारिक नक्शे के अनुसार ही प्रदर्शित किया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि भारत के इलाके को गलत या भ्रामक तरीके से दिखाना स्वीकार नहीं किया जाएगा। भारत की सीमाएं अटल हैं और इनके साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है, जिसमें दुनिया के नक्शे पर देशों और महाद्वीपों का आकार उनके वास्तविक क्षेत्रफल के करीब दिखाने की बात कही गई है। हालांकि, भारत ने स्पष्ट किया है कि इस समर्थन का अर्थ किसी विशेष नक्शे या सीमा को मान्यता देना नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 4 सितंबर को दुनिया के नक्शे को नए तरीके से प्रदर्शित करने से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इस बदलाव का उद्देश्य देशों और महाद्वीपों के वास्तविक आकार को अधिक सही अनुपात में दिखाना है। इससे किसी देश का क्षेत्रफल या सीमाएं नहीं बदलेंगी, बल्कि नक्शे पर उनके आकार में अंतर दिखाई देगा।

वर्तमान में दुनिया में मर्केटर नक्शे का काफी उपयोग किया जाता है। इसमें ध्रुवों के पास स्थित क्षेत्र वास्तविक आकार से बड़े दिखाई देते हैं। नए तरीके को समान क्षेत्रफल प्रक्षेपण कहा गया है, जिसमें अफ्रीका का आकार पहले से बड़ा और यूरोप तथा उत्तरी अमेरिका छोटे दिखाई दे सकते हैं। एशिया के कुछ हिस्सों का आकार भी पहले की तुलना में अलग नजर आ सकता है।

भारत की आपत्ति नक्शा बनाने की इस नई तकनीक से नहीं, बल्कि भारत के क्षेत्र को गलत तरीके से दिखाए जाने की संभावना को लेकर है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह प्रस्ताव किसी विशेष नक्शे, नक्शा बनाने की पद्धति या देशों की सीमाओं को मंजूरी नहीं देता।

भारत के क्षेत्रफल, सीमाओं और जमीन में कोई बदलाव नहीं होगा। नए नक्शे में भारत की आकृति कुछ अलग दिखाई दे सकती है, लेकिन इसका वास्तविक क्षेत्रफल वही रहेगा। भारत की तुलना में यूरोप, रूस और कनाडा जैसे उत्तरी देशों का आकार नए नक्शे में अलग नजर आ सकता है। अफ्रीका पर इसका प्रभाव सबसे अधिक दिखाई देगा, क्योंकि उसका वास्तविक आकार पुराने मर्केटर नक्शे की तुलना में काफी बड़ा है। भारत ने दोहराया है कि उसकी संप्रभुता और आधिकारिक सीमाओं का सम्मान किया जाना जरूरी है।